जो कुछ तेरा दिया है

जो कुछ तेरा दिया है सब ही तेरा किया है
सदा बरसे हम पे करुणाई मेरे बाबा साई,

इतने किये एहसान के बाबा गिनती नहीं हो सकती ,
आज भी मेरी झूठी कोई विनती नहीं हो सकती,
जो भी मैंने चाहा तुम से मैं पाई,
मेरे बाबा साई मेरे बाबा साई

तेरे बिना मेरी साई बाबा जग में क्या कीमत है,
आप की खातिर ही मेरी दुनिया में इजत है
तुमने ही तो औकात बनाई,
मेरे बाबा साई मेरे बाबा साई

सुख और दुःख में संग हमेशा मेरे तेरा साया,
गम की धुप में जब भी तपी मैं तूने की है छाया,
संग मेरे सदा तेरी परछाई,
मेरे बाबा साई मेरे बाबा साई

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/15268/title/jo-kuch-tera-diya-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |